

Patna University In News (28.10.2022)

दैनिक जागरण

छुट्टियों में वीडियो बनाकर छात्र कर रहे चुनाव प्रचार

जागरण संवाददाता, पटना : पटना विश्वविद्यालय में छठ पूजा की छुट्टी रहने के बावजूद छात्र संगठनों के सीनियर नेता कैंपस में कैंपेन चला रहे हैं। पूजा की छुट्टी रहने के कारण छात्रावासों में इक्का-दुक्का छात्र बचे हैं। फिर भी छात्र संगठन इन छात्रों से लगातार संपर्क बनाए हुए हैं। वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया के तहत प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। यही नहीं जो छात्र छुट्टियों में घर चले गए हैं उनसे भी संपर्क स्थापित कर चुनाव में समर्थन करने की बात कर रहे हैं। छुट्टी होने के कारण छात्र संगठनों को सबसे अधिक उम्मीदवार चयन में परेशानी आ रही है। हालांकि संगठनों के सीनियर छात्र नेताओं का कहना है कि विश्वविद्यालय खुलते ही उम्मीदवारों का चयन कर लिया जाएगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मणिकांत ने बताया कि बहुत जल्द अध्यक्ष सहित अन्य पद के लिए उम्मीदवारों का चयन कर लिया जाएगा। वहीं, छात्र संगठन आइसा ने विश्वविद्यालय में अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की है। संगठन के विश्वविद्यालय अध्यक्ष नीरज यादव ने कहा कि इंटरनेट मीडिया के जरिए प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। प्रचार अभियान में वीडियो का भी सहारा लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दिन 19 नवंबर को पटना वीमेंस कालेज कुछ विषयों की परीक्षा है।

नामांकित सभी छात्र कर सकते हैं वोट

पटना विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार ने स्पष्ट किया है कि छात्र संघ चुनाव में नामांकित छात्र ही वोटिंग कर सकेंगे। मतदाता सूची 22 अक्टूबर को जारी किया जा चुका है। उन्हीं सूची के आधार पर छात्र अपना चुनाव के लिए नामांकन या वोटिंग कर सकते है।